उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 687 | दिनांक /Date.: 06.10.2020

संवाद–52

आगामी टंकण व आशुलिपि परीक्षा से संबंधित

प्रिय अभ्यर्थियों,

दिनांक 12 से 14 अक्टूबर, 2020 के मध्य निर्धारित टंकण परीक्षा तथा दिनांक 03 नवम्बर से निर्धारित टंकण/आशुलेखन परीक्षा के संबंध में अभ्यर्थियों द्वारा निम्न 02 बिंदुओं पर जानकारी की जा रही है:–

1. जिन अभ्यर्थियों की टंकण व आशुलिपि दोनों परीक्षायें हैं क्या उन्हें दोनों परीक्षाओं में अलग–अलग आना होगा?
2. कुछ अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र उपलब्ध नहीं है?

बिंदु संख्या–01 के संबंध में आपकों स्पष्ट करना है कि जो अभ्यर्थी टंकण एवं आशुलेखन परीक्षा के लिए चयनित हुये हैं, उनकी टंकण व आशुलेखन दोनों परीक्षायें 03 नवम्बर से दिनांक 07 नवम्बर, 2020 तक होगी उन्हें 12 अक्टूबर से आयोजित टंकण परीक्षा के लिए आने की आवश्यकता नहीं है। आयोग को उपलब्ध डेटा के अनुरूप ऐसे 240 अभ्यर्थी है।

बिंदु संख्या–02 के बारे में सूचित करना है कि वर्तमान में आयोग द्वारा केवल दिनांक 12 से 14 अक्टूबर, 2020 की टंकण परीक्षा के ही प्रवेश पत्र जारी किये गये है। इन अभ्यर्थियों की संख्या 902 है। सभी अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी किये गये हैं। टंकण तथा आशुलिपि परीक्षा वाले 240 अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र अभी जारी नहीं किये गये हैं। वे बाद में जारी किये जायेंगे।

परीक्षाओं के लिए शुभकामनाओं के साथ

6/x/2020

(संतोष बडोनी)
सचिव

Scanned with CamScanner